छत्तीसगढ़ शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

क्रमांक 625 /SLNA /पंग्राविवि/22/2012 रायपुर, दिनांक 12/07/2012

प्रति,

कलेक्टर,
सह अध्यक्ष, जलग्रहण प्रकोष्ठ सह डाटा केन्द्र (WCDC),
समस्त जिला, छत्तीसगढ़

विषय :- **IWMP परियोजनांतर्गत जलग्रहण प्रकोष्ठ सह डाटा केन्द्र (WCDC) एवं परियोजना स्तर के WDT के स्वीकृत पदों को संविदा के साथ–साथ कृषि विभाग से प्रतिनियुक्ति पर भरे जाने के संबंध में ।**

संदर्भ :- **विभागीय पत्र क्र. 1702, 1704 व 1706 दिनांक 21.02.2012 एवं पत्र क्रमांक 507 दिनांक 12.06.2012**

--00--

कृपया विभाग द्वारा जारी संदर्भित पत्रों का अवलोकन करें, जिसमें IWMP परियोजनांतर्गत WCDC एवं WDT के स्वीकृत संविदा पदों हेतु दिशा–निर्देश जारी किये गये है। वित्त विभाग, छ.ग. शासन के यू.ओ. क्रमांक 453/सी.एन./1000886/बजट–2/ वित्त/चार/2012 दिनांक 07.07.2012 में प्रदत्त अनुमोदन अनुसार भारत सरकार द्वारा जारी समान मार्गदर्शी सिद्धांत 2008 के परिपालन में एकीकृत जलग्रहण प्रबंधन कार्यक्रम (IWMP) अंतर्गत जिला स्तर पर जलग्रहण प्रकोष्ठ सह डाटा केन्द्र (WCDC) के 117 पद एवं परियोजना स्तर के WDT के 724 स्वीकृत पदों को संविदा के साथ–साथ कृषि विभाग से प्रतिनियुक्ति पर भरे जाने की सहमति प्राप्त हुई है ।

उक्त यू.ओ. क्र. के माध्यम से वित्त विभाग, छ.ग. शासन द्वारा जिले की 03 IWMP परियोजनाओं में WDT यांत्रिकी के 03 पदों को रिक्त रखते हुए सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी को इन परियोजनाओं में एक पूर्णकालीन PIA के रुप में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ किये जाने की सहमति इस शर्त पर प्रदान की गई है कि इससे अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं बढेगा।

अतः उपरोक्तानुसार स्वीकृत पदों की पूर्ति संविदा के साथ–साथ कृषि विभाग से प्रतिनियुक्ति पर भरे जाने एवं सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी को पूर्णकालीन PIA के रुप में पदस्थ किये जाने की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें ।

संदर्भित पत्रों के माध्यम से पूर्व में जारी किये गये शेष निर्देश यथावत रहेंगे ।

(प्रमुख सचिव द्वारा अनुमोदित)

ज.ना. अवस्थी
(जे.एन. अवस्थी)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

8-Collector(All).doc

पृ. क्रमांक 626 /SLNA/पंग्राविवि/22/2012 रायपुर, दिनांक 12/07/2012

प्रतिलिपि :-

1. विशेष सहायक, मान. मंत्रीजी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय रायपुर ।
2. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय रायपुर ।
3. विकास आयुक्त, विकास आयुक्त कार्यालय, विकास भवन, रायपुर ।
4. संभाग आयुक्त, राजस्व संभाग, बिलासपुर/रायपुर/बस्तर/सरगुजा छत्तीसगढ़
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, SLNA विकास आयुक्त कार्यालय रायपुर ।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह परियोजना प्रबंधक WCDC, जिला पंचायत समस्त छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संप्रेषित ।

अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग